भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2512**

13 मार्च, 2025 को उत्तर देने के लिए

## पीएमकेएसवाई के अंतर्गत प्रचालनरत मेगा फूड पार्क

**2512. श्री सुधाकर सिंह:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत पूरे देश, विशेषकर बिहार में प्रचालनशील मेगा फूड पार्कों की संख्या का राज्यवार बयौरा क्या है;

**(ख)** क्या सरकार के पास इस क्षेत्र के विकास को बढ़ाने के लिए मेगा फूड पार्क और अन्य खाद्य प्रसंस्करण बुनियादी ढांचे के विस्तार के संबंध में आगामी वर्षों के लिए कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**(ग)** यह देखते हुए कि पीएमकेएसवाई मांग आधारित हैं और क्षेत्र-विशिष्ट नहीं हैं, क्या दक्षिणी बिहार, विशेष रूप से बक्सर, कैमूर और रोहतास जैसे अविकसित क्षेत्रों के लिए बेहतर भागीदारी और परियोजना अनुमोदन सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाए जा रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

**(घ)** यह देखते हुए कि गोपालगंज जिले में केवल एक कोल्ड चेन परियोजना को मंजूरी दी गई है, क्या सरकार द्वारा बिहार में विशेष रूप से उन जिलों में जहां कृषि एक प्राथमिक आर्थिक गतिविधि है, अधिक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां, कोल्ड चेन सुविधाएं और कृषि आधारित उद्योग स्थापित करने के लिए कोई प्रयास किए जा रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रवनीत सिंह)**

**(क):** मंत्रालय ने बिहार राज्य में दो मेगा फूड पार्क परियोजनाओं को अनुमोदित किया है, दोनों परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत बिहार में अनुमोदित मेगा फूड पार्कों के साथ-साथ पूरे भारत में संचालित 24 मेगा फूड पार्कों का राज्यवार विवरण **अनुबंध-I में दिया गया है** ।

**(ख) से (घ):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय खेत से बाजार तक मूल्य श्रृंखला के साथ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए आधुनिक अवसंरचना सृजन के लिए प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमएसकेवाई) की एक घटक योजना मेगा फूड पार्क योजना (एमएफपीएस) को कार्यान्वित्त कर रहा था। सरकार द्वारा दिनांक 01.04.2021 से इस योजना को बंद कर दिया गया है।

मंत्रालय प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) की अन्य घटक योजनाओं को भी कार्यान्वित कर रहा है, जैसे कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर अवसंरचना सृजन (एपीसी), एकीकृत शीत श्रृंखला और मूल्यवर्धन अवसंरचना (आईसीसी), खाद्य प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता सृजन/विस्तार (सीईएफपीपीसी) और ऑपरेशन ग्रीन्स (ओजी) जो देश में खाद्य प्रसंस्करण अवसंरचना /इकाइयों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। मंत्रालय स्वयं मेगा फूड पार्क या खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित नहीं करता है। ये सभी योजनाएं मांग आधारित हैं और राज्य/क्षेत्र या जिला विशिष्ट नहीं हैं और इन योजनाओं के तहत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने के प्रस्ताव अभिरुचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से आमंत्रित किए जाते हैं। बिहार राज्य में पीएमकेएसवाई की घटक योजनाओं

के तहत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना/विस्तार के लिए मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है ।

शीत शृंखला, एपीसी, सीईएफपीपीसी और ओजी नामक घटक योजनाओं के अंतर्गत, एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना (आईटीडीपी), पूर्वोत्तर क्षेत्र, पहाड़ी राज्यों आदि जैसे दुर्गम क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों के लिए निम्नलिखित रियायतें प्रदान की जाती हैं: -

- सामान्य क्षेत्रों में 1.5 गुना की तुलना में आवेदक की संयुक्त निवल संपत्ति मांगी गई अनुदान सहायता के बराबर ।
- सामान्य क्षेत्रों में 20% की तुलना में बैंक से सावधि ऋण कुल परियोजना लागत का 10% से कम नहीं ।
- सामान्य क्षेत्रों में 20% की तुलना में कुल परियोजना लागत का कम से कम 10% इक्विटी निवेश।
- सामान्य क्षेत्रों में 3.00 करोड़ रुपए की तुलना में न्यूनतम पात्र परियोजना लागत रुपए 1.00 (एक) करोड़ है ।
- सामान्य क्षेत्रों में पात्र परियोजना लागत के 35% की तुलना में पात्र परियोजना लागत के 50% की दर से अनुदान सहायता, जो सीईएफपीपीसी योजना के मामले में अधिकतम 5.00 करोड़ रुपये, एपीसी और शीत शृंखला योजना के मामले में 10.00 करोड़ रुपये और ओजी योजना के मामले में 15.00 करोड़ रुपये के अध्ययीन है ।

*****

**“पीएमकेएसवाई के अंतर्गत प्रचालनरत मेगा फूड पार्कों”के संबंध में दिनांक 13.03.2025 को लोकसभा में उत्तर हेतु अतारांकित प्रश्न संख्या 2512 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध”**

**क. बिहार में मेगा फूड पार्क परियोजनाएं**

| क्र. सं. | एसपीवी/आईए नाम | जिले का नाम | अंतिम अनुमोदन की तिथि | कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपये में) | अनुमोदित अनुदान (करोड़ रुपए में) | जारी अनुदान (करोड़ रुपये में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) | मुजफ्फरपुर | 7-**अप्रैल**-2022 | 180.57 | 45.40 | 12.25 | जारी |
| **2** | प्रिस्टीन मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | खगरिया | 6 **अगस्त** 2014 | 120.13 | 41.9 | 34.80 | जारी |

**ख. पूरे भारत में प्रचालित 24 मेगा फूड पार्क परियोजनाएं**

| क्र. सं. | एसपीवी/आईए नाम | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | जिले का नाम | अंतिम अनुमोदन की तिथि | कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपये में) | अनुमोदित अनुदान (करोड़ रुपए में) | जारी अनुदान (करोड़ रुपये में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीनि फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | चित्तूर | 30-मार्च-09 | 121.1 | 49.92 | 49.92 | प्रचालनरत |
| 2 | गोदावरी मेगा एक्वा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | आंध्र प्रदेश | पश्चिमी गोदावरी | 16-दिसम्बर-13 | 122.6 | 50 | 44.53 | प्रचालनरत |
| 3 | नॉर्थ ईस्ट मेगा फूड पार्क लिमिटेड | असम | नलबाड़ी | 30-मार्च-09 | 84.96 | 48.84 | 48.84 | प्रचालनरत |
| 4 | इंडस बेस्ट मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | छत्तीसगढ | रायपुर | 04-जून-14 | 96.58 | 43.96 | 39.57 | प्रचालनरत |
| 5 | गुजरात एग्रो इंफ्रास्ट्रक्चर मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | गुजरात | सूरत | 22-मई-14 | 121.86 | 50 | 45 | प्रचालनरत |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एचएसआईआईडीसी) | हरियाणा | सोनीपत | 06-नवम्बर-15 | 155.58 | 44.94 | 33.85 | प्रचालनरत |
| 7 | क्रेमिका फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | हिमाचल प्रदेश | ऊना | 06-अगस्त-14 | 107.34 | 50 | 45 | प्रचालनरत |
| 8 | इंटीग्रेटेड फूड पार्क लिमिटेड | कर्नाटक | तुमकुर | 29-मार्च-11 | 144.33 | 48.72 | 48.72 | प्रचालनरत |
| 9 | केरल औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (किन्फ्रा) | केरल | पलक्कड़ | 27-नवंबर-15 | 105.39 | 50 | 50 | प्रचालनरत |
| 10 | केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (केएसआईडीसी) | केरल | अलपुझा | 27-नवंबर-15 | 129.15 | 50 | 37.8 | प्रचालनरत |
| 11 | इंडस मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | मध्य प्रदेश | खरगोन | 27-अगस्त-12 | 131.28 | 49.37 | 49.37 | प्रचालनरत |
| 12 | अवंती मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | मध्य प्रदेश | देवास | 31-दिसंबर-15 | 146.07 | 50 | 40 | प्रचालनरत |
| 13 | सतारा मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र | सतारा | 06-अगस्त-14 | 139.33 | 50 | 45 | प्रचालनरत |
| 14 | पैथन मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | महाराष्ट्र | औरंगाबाद | 08-मार्च-13 | 124.52 | 48.82 | 43.94 | प्रचालनरत |
| 15 | ज़ोरम मेगा फ़ूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | मिजोरम | कोलासिब | 10-जून-15 | 75.2 | 50 | 44.62 | प्रचालनरत |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | एमआईटीएस मेगा फूड पार्क लिमिटेड | ओडिशा | रायगढ़ | 16-अप्रैल-12 | 87.88 | 45.94 | 44.95 | प्रचालनरत |
| 17 | इंटरनेशनल मेगा फूड पार्क लिमिटेड | पंजाब | फाजिल्का | 25-मई-11 | 130.38 | 50 | 45 | प्रचालनरत |
| 18 | सुखजीत मेगा फूड पार्क एंड इंफ्रा लिमिटेड | पंजाब | कपूरथला | 06-नवम्बर-15 | 107.83 | 48.7 | 38.76 | प्रचालनरत |
| 19 | ग्रीनटेक मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | राजस्थान | अजमेर | 19-फरवरी-14 | 110.35 | 49.88 | 44.9 | प्रचालनरत |
| 20 | स्मार्ट एग्रो फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | तेलंगाना | निजामाबाद | 10-जून-15 | 108.95 | 50 | 44.99 | प्रचालनरत |
| 21 | सिकरिया मेगा फूड पार्क (पी) लिमिटेड | त्रिपुरा | पश्चिमी त्रिपुरा | 30-नवंबर-11 | 77.79 | 48.39 | 45 | प्रचालनरत |
| 22 | पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क प्राइवेट लिमिटेड | उत्तराखंड | हरिद्वार | 30-मार्च-09 | 95.08 | 50 | 50 | प्रचालनरत |
| 23 | हिमालयन फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | उत्तराखंड | उधम सिंह नगर | 23-जनवरी-14 | 98.08 | 48.12 | 47.79 | प्रचालनरत |
| 24 | जंगीपुर बंगाल मेगा फूड पार्क लिमिटेड | पश्चिम बंगाल | मुर्शिदाबाद | 16-मार्च-10 | 132.7 | 50 | 45 | प्रचालनरत |
| **कुल** | | | | | **2754.33** | **1175.6** | **1072.55** | |

**अनुबंध- II**

**"पीएमकेएसवाई के अंतर्गत प्रचालनरत मेगा फूड पार्कों"के संबंध में दिनांक 13.03.2025 को लोकसभा में उत्तर हेतु अतारांकित प्रश्न संख्या 2512 के भाग (ख) एवं (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध"**

**क. शीत शृंखला योजना**

| क्र. सं. | परियोजना | ज़िला | अनुमोदन की तिथि | परियोजना लागत (करोड़ रूपये में) | अनुमोदित अनुदान सहायता (करोड़ रुपए में) | जारी अनुदान राशि (करोड़ रूपये में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गंगा डेयरी लिमिटेड. | बेगूसराय | 27-03-2009 | 22.60 | 9.35 | 9.35 | पूर्ण |
| 2 | आरके एग्री बिज़ एलएलपी | मुजफ्फरपुर | 04-05-2017 | 22.79 | 7.48 | 7.48 | पूर्ण |
| 3 | एबीजेड एग्रो प्राइवेट लिमिटेड | किशनगंज | 24-07-2019 | 43.34 | 10.00 | 10.00 | पूर्ण |
| 4 | शालीमार कोल्ड स्टोरेज | पटना | 22-07-2019 | 29.87 | 9.97 | 6.15 | जारी |
| 5 | सरन डेयरी प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड | गोपालगंज | 28-09-2020 | 12.13 | 3.05 | 1.88 | जारी |

**ख. कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर योजना**

| क्र.सं. | परियोजना निष्पादन एजेंसी का नाम (पीईए) | ज़िला | अनुमोदन की तिथि | परियोजना लागत (करोड़ में) | स्वीकृत अनुदान (करोड़ में) | कुल जारी अनुदान (करोड़ में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स श्रीकांगन फूड पार्क | बेगूसराय | 15.03.2019 | 30.434 | 7.9081 | 2.4911 | जारी |

**ग. सीईएफपीपीसी योजना**

| क्रमांक | पीआईए का नाम | ज़िला | अनुमोदन की तिथि | परियोजना लागत (करोड़ रुपए में) | स्वीकृत अनुदान (करोड़ रुपए में) | जारी की गई राशि (करोड़ रुपए में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | मेसर्स नटराज न्यूट्रीफीड प्राइवेट लिमिटेड | खगरिया | 25.07.2019 | 23.21 | 5.00 | 4.97 | पूर्ण |
| **2** | मेसर्स एसएमएम प्रोडक्ट्स एलएलपी | मुजफ्फरपुर | 05.12.2022 | 24.4628 | 5.00 | 2.50 | जारी |
| **3** | मेसर्स गंगा डेयरी लिमिटेड | बेगूसराय | 05.01.2023 | 16.41 | 5.00 | 2.50 | जारी |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **4** | मेसर्स अनमोल इंडस्ट्रीज लिमिटेड | किशनगंज | 05.01.2023 | 172.7689 | 5.00 | 2.50 | जारी |
| **5** | मेसर्स नेचर फ्रॉस्ट | बेगूसराय | 22.11.2023 | 13.1596 | 5.00 | 0.00 | जारी |

*****